ग) दो मंजिला अर्द्व पक्के संरचना (एस.पी.एस.) प्रकार के निर्माण के लिए एक सोधित प्रस्ताव अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के विचाराधीन है। अनुमोदन की प्रतीक्षा है।

घ) सोधित प्रस्ताव अर्द्व पक्के संरचना (एस.पी.एस.) प्रकार इमारत के निर्माण से संबंधित है, नगरीय अभिकरणों (सिविक एजेंसियों) के अनुमोदन की आवयकता नहीं हैं। हालांकि, एस.पी.एस. प्रकार इमारत के निर्माण के लिए विस्तत अनुमान लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया है।

ड) सोधित योजना के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, जिला स्तरीय समिति एवं राज्य स्तरीय समिति के अनुमोदन के पचात् निर्माण कार्य ुरू कर दिया जाएगा।

269. श्री ओ.पी. बब्बर : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) क्या यह सत्य है कि आई.टी.आई बिल्डिंग, तिलक नगर, नई दिल्ली-18 की हालत जर्जर है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि वहां की कक्षाओं, प्रासनिक ब्लाक और प्रयोगाालाओं की छतों से बरसात में पानी टपकता है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि कम्प्यूटर टैक्सटाइल डिजाइनिंग कक्ष के फर्ा और इमारत की मरम्मत/रख रखाव की ओर विभाग का तुरंत ध्यान देना अत्यंत आवयक है; और

घ) क्या कक्षाओं और प्रयोगाालाओं के ब्लाक में फालस सीलिंग की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव हैं?

मुख्यमंत्री :-

क) जी नहीं। यह पुरानी बिल्डिंग है। लोक निर्माण विभाग द्वारा 24,10,500/- रू. की अनुमति इस संबंध में विभाग ने दिनॉक 22/03/2010 को लोक निर्माण विभाग (सिविल) डिवि. एम.332 को प्रासनिक स्वीकति एवं व्यय की अनुमति दी थी, जिसमें से 16,22,200/- का कार्य पूण हो चुका है परंतु 7,88,300/- रू. का कार्य अभी अधूरा है।

ख) जी नहीं। अतयाधिक बारिा में कभी-कभी पानी छतों से टपकता है। क्योंकि यह पक्का ढांचा (स्ट्रक्चर) नहीं है। अत: विभाग द्वारा दो मंजिला अर्द्व पक्के संरचना (एस.पी.एस.) बनाने का प्रस्ताव चल रहा है।

ग) जी हॉ। इस बारे में सार्वजनिक निर्माण विभाग से विस्तत अनुमान (एस्टीमेट) अपेक्षित है।

घ) जी, हॉ। लोक निर्माण विभाग द्वारा 24,10,500/- रू. की अनुमति इस संबंध में विभाग ने दिनॉक 22/03/2010 को लोक निर्माण विभाग (सिविल) डिवि. एम.332 को प्रासनिक स्वीकति एवं व्यय की अनुमति दी थी, जिसमें से 16,22,000/- रू. का कार्य पूर्ण हो चुका है परंतु 7,88,300/- रू. का कार्य अभी अधूरा है। जो कि फालस सीलिंग के लिए है।

270. श्री वीर सिंह धींगान : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) क्या यह सत्य है कि जिला उत्तर पूर्व के तीन थाने सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं,

ख) यदि हॉ, तो सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कौन कौन से पुलिस थाने आते हैं,

ग) क्या यह भी सत्य है कि सीमापुरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दो पुलिस थाने, जीटीबी एन्कलेव व सीमापुरी थाना, सीमापुरी विधानसभा के एरिया में नहीं है,

घ) क्या यह भी सत्य नहीं है कि जिन क्षेत्रों में यह थाने बनाए गए हैं उन क्षेत्रों के मुकाबले सीमापुरी पुनर्वास कॉलोनी में यूपी बॉर्डर पर होने क नाते ज्यादा अपराध होते हैं,

ड) यदि हॉ, तो क्या यह भी सत्य नहीं है कि सीमापुरी से ज्यादा दूरी पर थाने होने के कारण बहुत से लोग अपनी रिपोर्ट नहीं लिखवा पाते या अपराधा होने पर पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाती है,

च) यदि हॉ, तो सरकार दूसरे एरियों में चल रहे पुलिस थानों को सीमापुरी क्षेत्र में स्थानांतरण कराएगी, और

छ) यदि हॉ, तो कब तक और नहीं तो क्यों नहीं?

मुख्यमंत्री :-

क व ख) जी हॉ, यह सत्य है कि दिल्ली पुलिस के उत्तर-पूर्वी जिला के अन्तर्गत सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में 3 थाने आते है, जिनके नाम नन्दनगरी, जी. टी.बी. एन्कलेव और सीमापुरी हैं।

ग) थाना जी.टी.बी. एन्कलेव एवं थाना सीमापुरी के क्षेत्र, सीमापुरी विधानसभा के एरिया में आते हैं। यद्यपि इन थानो की इमारतें सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में न होकर ाहदरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित है। परन्तु इन थानों की इमारत इन थानों के क्षेत्र में ही है, मानचित्र परिाष्टि 'क' पर संलग्न है।

घ) पुलिस थाना सीमापुरी के अन्तर्गत पुनर्वास कॉलोनी सीमापुरी और थाना सीमापुरी की इमारत क्षेत्र में दर्ज हुए अपराधों का ब्यौरा वर्ष 2011 व 2012 (दिनॉक 15/08/2012 तक) परिाष्टि 'ख' पर संलग्न है।

ड) जब भी कोई िकायत पुलिस थाने में प्राप्त होती है तो पुलिस अविलम्ब मौके पर पहुॅचती है। अपराधों की रोकथाम व लोगों की सुरक्षा के लिए सीमापुरी पुनर्वास कॉलोनी क्षेत्र में 'जे' ब्लॉक पुरानी सीमापुरी में पुलिस चौकी भी बनाई गई है।

च व छ) दिल्ली पुलिस की इस संबंध में अभी कोई नीति नहीं है, क्योंकि इन तीनों थानों की इमारत इन थानों के अपने-अपने सीमा क्षेत्र में ही है।

271. **श्री सुभाष सचदेवा :** क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) दिल्ली में 2011-12 व 2012-13 में विभिन्न अपराध जैसे चोरी डकैती, चैन स्नैचिंग, बलात्कार, धोखा-धड़ी, कार चोरी इत्यादि हुए, ये क्षेत्रानुसार तुलनात्मक तालिका विवरण उपलब्ध करायें,

ख) 100 नम्बर पर कितनी िकायते दर्ज की गई व कितने केस दर्ज किये गये,

ग) इनमें कितने पकड़े गये व कितनों को सजा हुई तथा कितने अनसुलझे हैं,

घ) सड़क दुर्घटनाओं में कितनों की मत्यु हुई और

ड) दिल्ली में जुर्म को रोकने के कितने कितने मार्किटों चौराहों व मेन सड़कों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे हुए है क्या विभाग ने उस क्षेत्रों की पहचान की है जिससे ज्ञात हो कि किन किन स्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगने हैं?

मुख्यमंत्री :-

क) दिल्ली में वर्ष 2011 में घटित विभिन्न अपराधों का क्षेत्रानुसार ब्यौरा परिशिष्ट : पुस्तकालय में उपलब्ध है। क व वर्ष 2011 व वर्ष 2012 (15.08.2012 तक) क्षेत्रानुसार तुलनात्मक ब्यौरा परिशिष्ट - ख पर उपलब्ध है।

ख व ग) 100 नम्बर पर वर्ष 2011 में 2060985 तथा वर्ष 2012 (15.08.2012 तक) 1250164 शिकायते दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गयी। इन शिकायतों के आधार पर दर्ज मुकदमों तथा उनमें पकड़े गये व सजा हुए अभियुक्तों और अनसुलझे मुकदमों का ब्यौरा निम्नलिखित है :-

वर्ष	मुकदमें		व्यक्ति		
	दर्ज	सुलझे	अनसुलझे	गिरफ्तार	सजा
2011	35831	19148	16683	27979	699
2012	22324	10758	11510	15409	254

घ) दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2011 में 2066 व वर्ष 2012 (15.09.2012 तक) 1166 व्यक्तियों की मत्यु हुई है।

ड) दिल्ली पुलिस द्वारा दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर लगवाये गये व लगवाये जाने वाले सी.सी.टी.वी. कैमरों का ब्यौरा क्रमा: परिशिष्ट ग और घ पर उपलब्ध है।

272. श्री साहब सिंह चौहान : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) क्या यह सत्य है कि घोण्डा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वी मार्जिनल बांध की सर्विस रोड के साथ उस्मानपुर व गाँवड़ी में काफी नजदीक ाराब की तीन दुकानों के लाइसेंस दिये हुए हैं,

ख) क्या यह भी सत्य है कि इन दुकानों में से एक दुकान के लाइसेंस के साथ ही दूसरा लाइसेंस भी उसी स्थल पर दिया गया है,

ग) क्या यह सत्य नहीं हैं कि साढ़े चार पुता, सोम बाजार, गाँवड़ी की ाराब की दुकान के नजदीक मान्यता प्राप्त सैकेण्डरी कन्या विद्यालय है,

घ) यदि हॉ, तो यहाँ से उस दुकान को क्यों नहीं बंद किया जा रहा है,

ड) उस्मानपुर, गाँवड़ी और भजनपुरा की ाराब की दुकानों के आसपास हो रही गुण्डागर्दी, महिलाओं की छेड़छाड़ व अवैध रूप से ाराब पिलाने की व्यवस्था आदि को नियंत्रित करने के लिए कोई उपाय क्यों नहीं किया जा रहे हैं?

मुख्यमंत्री :-

क) जी हॉ।

ख) जी नहीं।

ग) दिल्ली आबकारी अधिनियम, 2009 तथा दिल्ली आबकारी नियमों के अनुसार सभी स्कूल एवं अस्पताल दुकान की उचित दूरी पर हैं।

घ) उपरोक्तानुसार लागू नहीं होता।

ड) सभी ाराब की दुकानों के आसपास कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस उत्तरदायी है, तथापि इस सम्बंध में समय-समय पर पुलिस को अवगत कराया जाता है। अवैध रूप से ाराब पिलाने की सभी ाकायतों पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही की जाती है तथा किसी भी ऐसी घटना को रोकने के लिए आबकारी इन्टैलिजेन्स ब्यूरों के अधिकारी/कर्मचारी तैनात रहते है।

273. श्री साहब सिंह चौहान : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) दिल्ली में आबकारी विभाग द्वारा ाराब की बिक्री के लिए किस-किस प्रकार से लाइसेंस जारी किए जाते हैं;

ख) पिछले दस वर्ष में कितनी ाराब की नई दुकानें व लाइसेंस दिए गए हैं, उनका विस्तत ब्यौरा क्या है;

ग) पिछले दस वर्षों में प्रत्येक वर्ा के अनुसार ाराब की बिक्री से राजस्व प्राप्ति का कितना-कितना लक्ष्य रखा गया है और उन वर्षों में कितनी-कितनी राजस्व की प्राप्ति हुई है। पूरा विवरण वर्षवार दें;

घ) क्या यह भी सत्य है कि एक ही परमाईसेज में दो ाराब की दुकानों के लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं, ऐसा क्यों;

ड) मास्टर प्लॉन 2021 के अनुसार ाराब की बिक्री के नए लाइसेंस कहॉ-कहॉ दिए जा सकते हैं और उनकी औपचारिकताएं क्या है;

च) सरकार की ाराब की क्या नीति है और उदार ाराब नीति का क्या अर्थ

है, भविष्य में आगे आने वाले वर्ष में ाराब के लिए कितने-कितने लोगों/एजेंसियों ने कहाँ-कहाँ ाराब की दुकान प्राप्त करने के लिए आवेदन किए हैं तथा उनका विस्तत ब्यौरा क्या है; और

छ) प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के अनुसार ाराब की दुकानों का पूरा ब्यौरा क्या है?

मुख्यमंत्री :-

क) दिल्ली में आबकारी विभाग द्वारा ाराब की बिक्री के लिए दिये जाने वाले लाइसेंस का विवरण अनुलग्नक 'क' पर है।

ख) अनुलग्नक 'ख' पर सूची संलग्न है। पिछले दस वर्षों में 178 सरकारी दुकानें खुली हैं।

90 एल-7 प्राइवेट दुकानें खुली है।

52 एल-10 प्राइवेट दुकानें खुली है।

ग) अनुलग्नक 'ग' पर सूची सलंग्न है, जो पुस्तकालय में उपलब्ध है।

घ) जी हॉ, कुछ अलग-अलग प्रकार के लाइसेंस एक ही परमाइसेज में दिये जा सकते हैं, दिल्ली आबकारी नियम 2010 के अन्तर्गत ऐसा प्रावधान है।

ड) ाराब की बिक्री के लिए नये लाइसेंस दिल्ली आबकारी नियम-2010 के नियम 51(9) के अनुसार ही दिये जाते हैं। नियम की प्रतिलिपि अनलग्नक 'घ' पर संलग्न है।

च) दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के मुख्य बिन्दु इस प्रकार है :-

1. राब और अन्य मादक द्रव्यों का कब्जा, आयात, निर्यात, परिवहन बिक्री एवं खपत के ऊपर नियंत्रण एवं निगरानी रखना।

2. अवैध राब की तस्करी एवं डिस्टीलेान को रेाकना।

3. आबकारी राजस्व की रक्षा करना।

4. आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु राब के सेवन को बढ़ावा न देना।

छ) सूची अनुलग्नक 'ड' पर संलग्न है।

274. श्री करण सिंह तवर : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) दिल्ली में आबकारी विभाग द्वारा राब की बिक्री के लिए किस-किस प्रकार से लाइसेंस जारी किए जाते हैं;

ख) पिछले दस सालों में कितनी राब की नई दुकानें व लाइसेंस दिए गए हैं और कहाँ-कहाँ दिए गए हैं, उनका विस्तत ब्यौरा क्या है;

ग) पिछले दस सालों में प्रत्येक वर्ष के अनुसार राब की बिक्री से राजस्व प्राप्ति का कितना-कितना लक्ष्य रखा गया है और उन वर्षों में कितनी-कितनी राजस्व की प्राप्ति हुई है, पूरा विवरण वर्ष वार दें;

घ) पिछले बीस वर्षों के दौरान दिल्ली छावनी विधानसभा क्षेत्र में कितनी राब की दुकानों खोली गई हैं, क्या यह सत्य नहीं है कि पिछले वर्षों के दौरान कच्ची राब के पीने से कई लोग मारे जा चुके हैं जिसके कारण उनका परिवार उजड़ गया है,

ड) मास्टर प्लॉन 2021 के अनुसार राब की बिक्री के नए लाइसेंस कहाँ-कहाँ दिए जा सकते हैं और उनकी औपचारिकताएं क्या है;

च) सरकार की राब की क्या नीति है और उदार राब नीति का क्या अर्थ है। भविष्य में आगे आने वाले वर्ष में राब के लिए कितने-कितने लोगों/एजेंसियों ने कहाँ-कहाँ राब की दुकान प्राप्त करने के लिए आवेदन किए हैं तथा उनका विस्तत ब्यौरा क्या है; और

छ) प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के अनुसार राब की दुकानों का पूरा ब्यौरा क्या है, और

ज) क्या बापू के दे में राब की बिक्री के लाइसेंस देने में दिल्ली सरकार इतनी उदार क्यों है। राब की बिक्री को प्रतिबंधित करने के लिए सरकार भविष्य में क्या कदम उठायेगी?

मुख्यमंत्री :-

क) दिल्ली में आबकारी विभाग द्वारा राब की बिक्री के लिए दिये जाने वाले लाइसेंस का विवरण अनुलग्नक 'क' पर है।

ख) अनुलग्नक 'ख' पर सूची संलग्न है। पिछले दस वर्षों में 178 सरकारी दुकानें खुली हैं।

90 एल-7 प्राइवेट दुकानें खुली है।

52 एल-10 प्राइवेट दुकानें खुली है।

ग) अनुलग्नक 'ग' पर सूची सलंग्न है, जो पुस्तकालय में उपलब्ध है।

घ) पिछले बीस वर्षों में दिल्ली छावनी विधान सभा क्षेत्र में 03 सरकारी दुकानें खोली गई हैं। यह सत्य है कि मार्च, 2009 में मंगोलपुरी में एक ऐसी ही घटना से कई लोगों की मौत हो चुकी है।

ड) नए लाइसेंस दिल्ली आबकारी नियम 2010 के नियम-51 (9) के अनुसार ही दिये जाते हैं। नियम की प्रति अनुलग्नक 'घ' पर संलग्न है। ाराब की बिक्री के लिए नये लाइसेंस (एल-6, एल-7, एल-8, एल-10, एल-12) से संबंधित औपचारिकताएं उस वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित ार्तों एवं नियमों के अनुसार पूरी की जाती हैं। वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए अनुमोदित ार्तों एवं नियमों की प्रतियाँ संलग्न है।

च) दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के मुख्य बिन्दु इस प्रकार हैं -

1. ाराब और अन्य मादक द्रव्यों का कब्जा, आयात, निर्यात, परिवहन बिक्री एवं खपत के ऊपर नियंत्रण एवं निगरानी रखना।

2. अवैध ाराब की तस्करी एवं डिस्टीलेान को रेाकना।

3. आबकारी राजस्व की रक्षा करना।

4. आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु ाराब के सेवन को बढ़ावा न देना।

छ) सूची अनुलग्नक 'ड' पर संलग्न है।

ज) यह सरकार का नीतिगत फैसला है। दिल्ली में ाराब की बिक्री को प्रतिबंधित करने हेतु अभी कोई प्रस्ताव नहीं है।

275. श्री मोहन सिंह बिष्ट : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली मेन रोड पर अधिकतर ाराब के ठेले खुले हुए हैं,

ख) यदि हॉ, तो क्या यह भी सत्य है कि इन ाराब के ठेकों के आस-पास कई अनाधिकत कालोनी/हरिजन बस्ती/गॉव बसे हुए हैं,

ग) यदि हॉ, तो क्या यह भी सत्य है कि इन ाराब के ठेकों की वजह से आए दिन रोड पर जाम की स्थिति बनी रहती है तथा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार की ाकायतें मिलती हैं, और

घ) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इन ाराब के ठेकों को यहाँ से कब तक स्थानांतरित कर दिया जाएगा?

मुख्यमंत्री :-

क) जी हॉ, मेन रोड पर ाराब के ठेके स्थित है।

ख) आबकारी विभाग के पास कथित अनाधिकत कालोनी/हरिजन बस्ती/गाँव की सूची उपलब्ध नहीं है, तथापि सभी लाइसेंस दिल्ली आबकारी अधिनियम एवं नियम के अनुसार दिये जाते हैं।

ग) सड़कों पर जाम को खुलवाने हेतु एवं महिलाओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार की ाकायतों पर यथोचित कार्यवाही हेतु दिल्ली पुलिस उत्तरदायी है, तथापि विोष रूप से आबकारी विभाग को सूचित किये गये मामले संबंधित पुलिस अधिकारी को आवयक कार्यवाही हेतु अग्रसारित किये जाते हैं।

घ) ऐसा कोई प्रस्ताव अभी सरकार के विचाराधीन नहीं है।

276. श्री कुलवंत राणा : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा डीडीए से रोहिणी सेक्टर-16 में दिल्ली विकास प्राधिकरण से महाविद्यालयों के निर्माण के लिए 3 भूखंड प्राप्त किये हुए है। जिसमें एक भूखंड पर ाहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडिज एवं दूसरें भूखंड पर महर्षि बाल्मिकी कॉलेज बनाने की योजना है।

ख) यदि हां, तो बचे हुए एक भूखंड पर सरकार की क्या बनाने की योजना है।

ग) क्या यह भी सत्य है कि महाविद्यालय का भवन 5 वर्ष पूर्व बनकर तैयार होना था,

घ) यदि हां तो इनके भवन क्यों नहीं बन सकें इसके क्या कारण हैं, पूरा विवरण दें।

ड) इन भूमियों पर महाविद्यालयों के भवन निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ होगा तथा महाविद्यालयों का पहला ाक्षा सत्र कब से प्रारंभ होगा।

च) इस महाविद्यालय के निर्माण कार्य में हो रही देरी के लिए कौन जिम्मेदार हैं?

मुख्यमंत्री :-

क) डीडीए द्वारा रोहिणी सेक्टर-16 में 36804 वर्ग मीटर का केवल एक भूखंड दिल्ली सरकार को आवंटित हुआ हैं, जिसमें से 5 एकड़ भूमि

दिल्ली सरकार द्वारा ाहीन सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडिज को आवंटित की गई है।

महर्षि बाल्मिकी कॉलेज बनाने की योजना सेक्टर-17 में हैं।

ख) बचे हुए भू-खंड का समुचित उपयोग करने के लिए योजना बनाई जाएगी।

ग) जी नहीं।

घ) उपरोक्तानुसार लागू नहीं होता।

ड) उपरोक्तानुसार लागू नहीं होता।

च) उपरोक्तानुसार लागू नहीं होता।

277. चौधरी सुरेन्द्र कुमार : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) केन्द्रीय सर्तकता आयोग को मेरे द्वारा कितनी ाकायतें की गई।

ख) कितनी ाकायतों पर कार्यवाही की गई; और

ग) कितनी लंबित है, सूची उपलब्ध कराई जाये।

मुख्यमंत्री :-

क) केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा वर्ष 2011 एवं 2012 में कुल 03 ाकायतें इस निदेालय में प्राप्त हुई हैं।

ख व ग) इन सभी ाकायतों पर आवयक कार्यवाही की गई है जिसका विवरण संलग्न है।

278. चौधरी सुरेन्द्र कुमार : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) दिल्ली सरकार के विभागों के संदर्भ में मेरे द्वरा कितनी ाकायतें दी गई;

ख) कितनी ाकायतों पर कार्यवाही की गई; और

ग) कितनी लंबित हैं, सूची उपलब्ध कराई जाये।

मुख्यमंत्री :-

क) इस निदेालय एवं भ्रष्टाचार निरोधक ााखा में वर्ष 2011 एवं 2012 में कुल 21 ाकायतें प्राप्त हुई हैं।

ख व ग) इन सभी ाकायतों पर आवयक कार्यवाही की गई है जिसका विवरण संलग्न है। पुस्तकालय में उपलब्ध है।

279. श्री वीर सिंह धिंगान : क्या मुख्यमन्त्री यह बताने कपा करेंगी कि :-

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में पर्यावरण में व्यापक सुधार के लिए सरकार ने अनेक प्रकार के प्रयास किए हैं,

ख) यदि हॉ, तो सरकार द्वारा क्या क्या प्रयास किए गए हैं, विवरण दिया जाए,

ग) क्या यह भी सत्य है कि सरकार ने पर्यावरण में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर दिल्ली में पेड़, पौधे लगाए हैं,

घ) यदि हाँ, तो सरकार ने किस किस विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने कितने वक्ष लगवाएं है

ड) क्या यह सत्य नहीं है कि सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में वर्षों पूर्व वक्षारोपण का अनुरोध करने के पचात अभी तक संबंधित विभाग द्वारा एक भी जगह वक्षारोपण नहीं किया,

च) क्या सरकार सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में वक्षारोपण कर क्षेत्र में हरियाली व पर्यावरण के सुधार हेतु ाघ्र कदम उठाएगी, यदि हाँ, तो कब तक, और

छ) यदि नहीं, तो क्यों नहीं?

मुख्यमंत्री :-

क) जी हॉ, दिल्ली पर्यावरण में व्यापक सुधार के लिए सरकार ने अनेक प्रकार के प्रयास किए हैं।

ख) वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए प्रयास इस प्रकार हैं :-

वाहनों से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए उठाए गए कदम इस प्रकार है :-

- सख्त उत्सर्जन मापदंडों, भारत स्टेज-4 को लागू करना।
- सार्वजनिक वाहनों (बस, टैक्सी एवं ऑटो रिक्षा) को स्वच्छ इंधन (जैसे सी.एन.जी.) पर चलाना।
- 15 साल से अधिक पुराने व्यावसायिक वाहनों को क्रमबद्ध रूप से हटाना।
- दिल्ली में 50 पी.पी.एम. सल्फर वाला डीजल उपलब्ध कराना।

- वाहन प्रदूषण मापन-केन्द्र को सुचारू रूप से चलाना एव उन पर नजर रखना। PUC Centre का कम्प्यूटीकरण करना एवं उनको 4 गैसों को मापनें के लिए एवं ऑन लाईन करने के लिए जरूरी उपकरण लगवाना। इसके साथ दिल्ली की सीमाओं पर जरूरी संख्या में पी.यू. सी. केन्द्र खोलना।

दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत :

- राष्ट्रीय अनुमति के अलावा Goods Carriage Permit पर केवल स्वच्छ ईंधन से चलने वाले 3000 किलो तक के सकल भार वाले हल्के माल वाहन तथा 3000 से 7500 किलों तक के सकल भार वाले सभी हल्के माल वाहन दिल्ली के रा.रा. क्षेत्र में पंजीकरण के लिए योग्य होंगे।

- किसी भी 3000 से 7500 किलो तक के सकल भार वाले हल्के माल वाहन, जो दिल्ली से बाहर पंजीकत हैं तथा अस्वच्छ ईंधन पर चल रहे हैं, को वैध राष्ट्रीय अनुमति के अलावा दिल्ली में आने की अनुमति नहीं होती तथा किसी भी मामले में दिल्ली में माल को एक जगह से दूसरे जगह में उठाने या उतारने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

- वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु Air Ambience fund एकत्रित करने के लिए रा.रा.क्षेत्र दिल्ली में, डीजल की बिक्री पर रूपये 0.25/- प्रति लीटर की दर से लेवी लगाने के निर्दे दिए गए है। इस fund को बैट्री चालित कारों एवं दोपहिया वाहनों के प्रोत्साहन के लिए वाहन की कुल लागत का 29.5 प्रतिात आर्थिक सहायता राि के रूप में दिया जा रहा है।

- पुरानी व्यवसायिक गाड़ी का स्वच्छ ईंधन में बदलने के लिए प्रोत्साहन एवं आर्थिक सहायता देना।

- स्वच्छ ईंधन से चलने वाली नई व्यवसायिक गाड़ी खरीदने के लिए प्रोत्साहन एवं आर्थिक सहायता देना।

- बहु तीव्र-गामी परिवहन व्यवस्था (मेट्रो रेल) को चलाना एवं उसका विस्तार करना।

- राष्ट्रीय परमिट पर चलने वाली व्यवसायिक गाड़ियों का दिन के समय दिल्ली में आने के लिए प्रतिबंधित करना।

- भीड़-भाड़ वाले चौराहों पर फ्लाई-ओवर का निर्माण करना।

औद्योगिक इकाइयों से होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए की जा रही कार्यवाही इस प्रकार हैं :

- वायु प्रदषित कारखानों में प्रदूषण नियंत्रण संयत्र लगवाना। अब तक 600 से अधिक औद्योगिक इकाईयों ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए संयंत्र लगा दिए हैं।

- थर्मल पावर प्लांट के लिए सख्यत उत्सर्जन मापदंडो को लागू करना।

5000 सेल फोन टावर एवं 600 नर्सिग होम्स को डीजल जनरेटर सैट में चिमनी की ऊंचाई बढ़ाने के आदेा दिए गए हैं।

कोयले से चलने वाले बॉएलरों को प्रतिबन्धित कर दिया गया है। इस हेतु आवयक कार्यवाही की जाती है।

पत्तियों एवं कूड़े को जलाने पर रोक लगाना।

वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्य योजना बनाई जा रही है जिसका उद्देय परिवेी वायु गुणवत्ता मानको तक पहुंचना है।

जल प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए गए प्रयास इस प्रकार है:-

नालों, यमुना नदी, मल ोधक-संयंत्रों, एवं संयुक्त अवजल ोधक संयंत्र के जल की गुणवत्ता की सतत् जॉच डी.पी.सी.सी. द्वारा की जाती है।

मल ोधक संयंत्रो (एस.टी.पी.) की क्षमता का विकास किया गया है। वर्तमान में मल ोधक संयंत्रों की क्षमता 512.4 एम.जी.डी. है।

भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के सहयोग से यमुना कार्य-योजना के दूसरे चरण के क्रियान्वयन हेतु रू. 387.17 करोड़ की मंजूरी दी गई थी और इसक अंतर्गत प्रोजेक्टों पर काम चल रहा है। यमुना कार्य योजना के तीसरे चरण की विस्तत परियोजना रिपोर्ट बनाई जा रही है।

मल ोकध संयंत्रों को चलाने की कनसेन्ट ोधित अवजल की गुणवत्ता के आधार पर डी.पी.सी.सी. द्वारा दी जाती है।

औद्योगिक क्षेत्रों में 13 संयुक्त अवजल ोधक संयंत्र (सी.ई.टी.पी) स्थापित किये गए हैं।

1300 से अधिक जल-प्रदूषित औद्योगिक इकाइयों के द्वारा अवजल ोधक संयंत्र (ई.टी.पी)/मल ोधक संयंत्र (एस.टी.पी.) लगवाए गए हैं।

सभी बड़े होटलों, अस्पतालों एवं निर्माण कार्यो को अवजल ोधक संयंत्र/मल ोधक संयंत्र लगाने एवं ोधित जल का उपयोग करने का निर्दे दिया गया है। निर्माण परियोजनाओं, जिन्हे पर्यावरणीय मंजूरी की आवयकता हैं, उनमें ून्य निर्वहन तथा ोधित अवजल की 100 प्रतित पुनरावत्ति तथा पुन:उपयोग की अनिवार्य ार्त लागू की गई है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेानुसार आवासीय एवं गैर-स्वीकत क्षेत्र में चलने वाले प्रदूषित औद्योगिक इकाइयों को बंद कराया गया है।

जल-स्त्रोतों को बचाने के लिए अभियान चलाया जाता है।

पूरी दिल्ली को भू-जल नियंत्रण क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके तहत दिल्ली जल बोर्ड/नई दिल्ली नगर पालिका परिषद को अपने अपने आधिकारित क्षेत्रों में बोरवेल/टयूबवेल द्वारा भू-जल दोहन की अनुमति देने के लिए सक्षम अधिकारी निर्दिष्ट किए गए है। इसके उल्लंघन की जांच के लिए दिल्ली के हर जिले के उपयुक्त (राजस्व) को प्राधिकत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

दिल्ली सरकार, विद्यालयों एवं कॉलेजों में गठित पर्यावरण क्लबों द्वारा वर्षा जल संचयन संरचना की स्थापना को बढ़वा दे रही है।

ध्वनि प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए गए प्रयास इस प्रकार है :-

सभी सरकारी कार्यालयों, सभी कचहरी, 100 से अधिक बिस्तर वाले अस्पतालों एवं 1000 से अधिक विद्यार्थियों वाले िक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरें को ांत क्षेत्र (साइलैंस जोन) अधिसूचना किया गया है।

5 के.वी.एस. से अधिक क्षमता वाले डीजल जनरेटर सेट को (ग्रुप हाउसिंग सोसाईटियों को छोडकर) रात में 10 बजें से सुबह 6 बजे तक चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया तथा डीजल जनरेटर सैट में ध्वनि प्रतिरोधक संयंत्र लगाना अनिवार्य किया गया है।

5000 सेल फोन टावर एवं 600 नर्सिंग होम्स को डीजल जनरेटर सैट में ध्वनि प्रतिरोधक संयंत्र लगाने के आदेा दिए गए हैं।

दीपावली उत्सव के दौरान रेडियो, नुक्कड़ नाटकों, अखबारों इत्यादि द्वारा 'पटाखे ना फोड़ें' पर विोष अभियान चलाया जाता है।

कचरा प्रबंधन के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए गए प्रयास इस प्रकार है :-

7.1.2009 की अधिसूचना के अनुसार होटलों, अस्पताालों, मॉल, मुख्य बाजार, लोकल ाॉपिंग सैन्टर में प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

डी.पी.सी.सी. एवं अन्य विभागों द्वारा 302 पॉलीथीन बैग के नमूने उठाए गए हैं जिनमें से 248 मामलों में ाकायत दर्ज कराई जा चुकी है जिनमें से 81 मामलों में न्यायालय द्वारा अर्थदंड लगाया गया है।

कपड़े, कागज और जूट सेबने थैलियों का प्रोत्साहन व नाुल्क वितरण किया जाता है।

सरकार द्वारा टी.एस.डी.एफ को विकास हेतु कदम उठाएं जा रहे हैं।

जैव-चिकित्सिकीय अवाष्टि ोधक सुविधा संयंत्र लगाए गए हैं।

50 बिस्तर या अधिक वाले हस्पतालों को डी.पी.सी.सी. द्वारा पास आधारित उपकरणों (थर्मामीटर तथा बी.पी उपकरण) को phase out करने के लिए कहा गया है।

इमारत बनाने वाले विभाग को फ्लाई ऐ एवं इससे बनी ईटों का इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया है।

रसोईघर से निकलने वाले जैव अवक्रमित कचरे जैसे-खाद बनाने के लिए आरगेनिक वेस्ट कनवर्टर लगाना।

निर्माण परियोजनाओं को दी जाने वाली पर्यावरणीय मंजूरी में जैव-सड़नील कचरे के उपयोग द्वारा कम्पोस्ट/बायेगैस उत्पादन के दिानिर्दे दिए जाते हैं।

विकेन्द्रीकत कचरा प्रबंधन संयंत्र की स्थापना के प्रोत्साहन के लिए गैर-लाभ संस्था एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान को जैव-सड़नील कचरे से बायोगैस/बायोफ्यूल के उत्पादन के लिए 33 प्रतित अनुवत्ति दी जाती है।

दिल्ली की हरियाली के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए गए प्रयास इस प्रकार है :-

विगत वर्ष में वर्षा ऋतु के दौरान चलाए गए 'सिटी प्लान्ट मिलियन ट्री' अभियान के तहत विभिन्न विभाग/एजेंसी/संस्था द्वारा 14.5 लाख पौधे लगाए गए हैं इस वर्ष भी वर्षा ऋतु के दौरान 'प्लान्ट एण्ड प्रेसर्व ट्री' अभियान चलाया जा रहा है।

दिल्ली पार्क एण्ड गार्डन सोसाईटी दिल्ली के पार्क एवं गार्डन के

अनुरक्षण एवं रख-रखाव के लिए स्थापित की गयी है जो कि आर. डब्लू.ए./एन.जी.ओ. को पार्क एवं गार्डन के रखरखाव के लिए आर्थिक सहायता देती है। अभी तक कुल 311 आर.डब्लू.ए. में 1401 पार्कों में पौधे लगावा कर रख-रखाव किया जा रहा है।

वन विभाग, दिल्ली सरकार के द्वारा पर्यावरण के सुधार के लिए निम्नलिखित प्रयास किए गए हैं :-

- वक्षारोपण

- सद्यन वनों का विकास

- डीग्रेडेड वन भूमि का घनीकरण

- नदी, नालों एवं सड़कों के किनारे वक्षारोपण

- अधिसूचित वन क्षेत्रों का संरक्षण एवं संवर्धन

- पौधों का नि:शुल्क वितरण

- वनों के अधिनियमों का अनुपालन

ऊर्जा संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन पर दिल्ली सरकार द्वारा किए गए प्रयास इस प्रकार है :-

जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना के आधार पर दिल्ली राज्य कार्य योजना बनाई गई है।

सभी नवनिर्मित सरकारी इमारतों में ऊर्जा संरक्षण इमारत कोड का कार्यान्वयन अनिवार्य किया गया है।

दिल्ली सरकार नए इमारतों में 3 तारा GRIHA रेटिंग अपना रही है।

ऊर्जा संरक्षण की दिा में अन्य प्रयासों में छत पर सौर बिजली उत्पादन, सी.एफ.एल व एल.ई.डी. का प्रयोग, ग्रीन बिल्डिंग प्रौद्योगिकी आदि ाामिल है।

50 बिस्तर या अधिक वाले हस्पतालों को डी.पी.सी.सी द्वारा सौर जल तापन प्रणाली, वर्षा जल संचयन तथा सामान्य बल्ब का सी.एफ.एल./ऊर्जा कुाल लाईट्स द्वारा प्रतिस्थापन के लिए कहा गया है।

जन-जागरण अभियान :

प्रदूषण के दुष्प्रभावों एवं पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं पर जनजागरण हेतु दिल्ली के करीब 2000 से अधिक स्कूलों एवं कॉलेजों में पर्यावरण क्लब स्थापित करवाए गए हैं।

पर्यावरण क्लब द्वारा स्कलों एवं कॉलेजों में वर्मी-खाद्य, मारूम की खेती, वर्षा जल संरक्षण संरचना, सार जल तापन प्रणाली व कागज़ पुर्नचक्रण संयंत्र स्थापित कराए गए हैं।

पर्यावरणीय अनुकूल थैलों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जाता हैं।

जनता को जागरूक करने के लिए विभिन्न जन जागरण कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जैसे कि

- हरित दिल्ली अभियान, पटाखों को ना कहें, खेलों होली नेचुरली, प्लास्टिक बैग को ना कहें आदि।
- हर वर्ष विव पर्यावरण दिवस, वन्यजीव सप्ताह, विव वानिकीय दिवस इत्यादि मनाये जाते हैं।

– पर्यावरण के विभिन्न विषयों पर सेमिनार आयोजित किये जाते हैं, जिसमें इको क्लब स्कूलों एवं आवासीय कल्याण संस्थाओं, गैर सरकारी संस्थाओं की भागीदारी होती है।

ग) जी हॉ, सरकार ने पर्यावरण में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर दिल्ली में पेड़, पौधे लगाए हैं।

घ) वन विभाग, दिल्ली सरकार के द्वारा पौधा रोपण का विधानसभा क्षेत्रवार ब्यौरे का संकलन नहीं किया जाता है। वन विभाग एवम् अन्य हरित निकाईयों द्वारा विगत् वर्षों में प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख पौधों का रोपण किया जाता रहा है एवम् वर्ष 2011–12 में कुल 17.34 लाख पौधों का रोपण किया है, जिसमें 7.77 लाख पौधों का नि:ुल्क वितरण सम्मिलित है।

विभिन्न विभागों से प्राप्त सूचनानुसार विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लगवाए गए वक्षों का विवरण निम्नलिखित है :–

दिल्ली पार्क्स एवं गार्डनस सोसाईटी द्वारा दिल्ली में विभिन्न आर.डब्लू. ए./विद्यालयों/संस्थानों के माध्यम से पिछले तीन वर्षों में 7 लाख पौधे लगवाए गए हैं।

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् द्वारा उनके आधिकारित क्षेत्र में इस वर्ष 5155 वक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों जैसे कॉलोनी पार्क, स्कूल, सड़कों के किनारे पेड़ लगाए जा रहे हैं।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा प्राप्त सूचनानुसार ाहदरा उत्तरी एवं दक्षिणी क्षेत्रों में इस वर्ष लगाए गए वक्षों की सूची संलग्नक 'क' में है।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा प्राप्त सूचनानुसार उनके आधिकारित क्षेत्र में इस वर्ष लगाए गए वक्षों की सूची संलग्नक 'ख' में है।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा उनके आधिकारित क्षेत्र में 49300 वक्ष लगाए गए है।

लोक निर्माण विभाग (उद्यान मंडल एम-114) द्वारा प्राप्त सूचनानुसार उनके अधिकत क्षेत्र में लगाए गए पौधोंकी सूची संलग्नक 'ग' में है।

दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम द्वारा बवाना औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 2.5 लाख वक्ष, नरेला औद्योगिक क्षेत्र में लगभग पचास हजार वक्ष एवं भोरगड़ फेज-2 में लगभग 18 हजार वक्ष लगाए है।

इसके अतिरिक्त तीनों नगर निगमों में उद्यान विद्यान द्वारा निम्नलिखित पार्कों का रखरखाव किया जाता है:

उत्तरी दिल्ली नगर निगम : 5500

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम : 6400

पूर्वी दिल्ली नगर निगम : 1964

ड) वन विभाग द्वारा सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में इस वर्ष 10763 पौधों का नि:शुल्क वितरण किया जा चुका है।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा प्राप्त सूचनानुसार सीमापुरी विधानसभा में पेड़-पौधे लगाए गए हैं, जिनकी सूची संलग्नक 'क' में है।

दिल्ली पार्क्स एवं गार्डन्स सोसाईटी द्वारा सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में 08 आर.डब्लू.ए. को 28 पार्कों के रख-रखाव हेतु वित्तीय सहायता दी गई है एवं सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 8478 पेड़-पौधे लगवाए गए हैं।

च) जी हॉ, वक्षारोपण का कार्य प्रगति पर है तथा आगे भी और वक्षारोपण किया जा रहा है।

छ) उपरोक्तानुसार लागू नहीं।

विशेष उल्लेख

अध्यक्ष महोदय : अब नियम 280 के अंतर्गत विषय उल्लेख के मामले लिए जायेंगे। सबसे पहले श्री नसीब सिंह जी।

श्री नसीब सिंह : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से पूर्वी दिल्ली की मेयर के बयान की ओर दिलाना चाहता हूँ जिन्होंने स्ट्रीट लाइट को लेकर बयानबाजी की है। अध्यक्ष जी, मैं भी पूर्वी दिल्ली डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कमेटी जो (रेवेन्यू) डिपार्टमेंट में आती है उसका चेयरमैन रहते हुए समय समय पर हम लोग रात को स्ट्रीट लाइट को चैक करते हैं और यह बयान पूरी तरह से बेबुनियाद है और भारतीय जनता पार्टी के लोगों को और कोई काम जनता के हित में करने के लिए मिलता तो वो दिल्ली सरकार को कोसने का काम करते हैं। मैं समझता हूँ एमसीडी के अंदर सिर्फ एक समिति काम करती है वो नामकरण समिति है और उस नामकरण समिति के अलावा सब लोग झूठी बयानबाजी करते हैं अध्यक्ष जी, यह मैं बिल्कुल मान सकता हूँ कि कुछ परसनटेज जरूर हो सकती है कि बारिा के कारण, पानी के कारण स्ट्रीट लाइट में फर्क हो सके, लेकिन रेग्युलर तौर पर हर महीने नगर निगम के निगम पार्षद अपने आप में स्ट्रीट लाइट अपने क्षेत्र में

ठीक होने का सर्टिफिकेट देते हैं और उस सर्टिफिकेट के मुताबिक ही स्ट्रीट लाइट का रख-रखाव करने का बीएसईएस हो या और दूसरी कंपनी हो उनका पूरी तरह से ब्यौरा रखते हैं। अध्यक्ष जी, एमसीडी के मेयर का जो दफ्तर है, वो पूरी तरह से राजनीतिक दफ्तर बना दिया है और कोई काम है ही नहीं सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी, एक इतना अच्छा पूर्वी दिल्ली में उनको एक ऑडिटोरियम था डीएसआईआईडीसी का उसको देने के बाद उन्होंने कहा कि इस हॉल में बराबर तो हॉल है वो, उन्होंन कहा कि इसमें हम हाउस नहीं चलायेंगे और उस हाउस को टेंटों में चलायेंगे इस तरह की बयानबाजी करते रहने से भारतीय जनता पार्टी के चुने हुए लोग जो जनता की उम्मीदों पर खरे उतरने चाहिए और एमसीडी के जो कार्य हैं उनको करने का दायित्य निभाना चाहिये तो यह झूठे बयानबाजी करते रहने से अच्छी बात नहीं है। यह दिल्ली की जनता की सेवा नहीं कर रहे हैं। अध्यक्ष जी, मैं ज्यादा कुछ न कहते हुए सिर्फ मेयर के उस बयान की कड़ी निंदा करता हूँ और उन्हें एक सुझाव देता हूँ कि अगर उन्हें कोई काम करने को नहीं मिल रहा है तो वो अपने घर में बैठ कर, अपने क्षेत्र में बैठ कर लोगों की समस्याएँ पूछने का काम करें कि, सफाई करवायें, खास तौर से हाउस टैक्स जो कि आज 65 परसेंट लोग हाउस टैक्स नहीं दे रहे हैं अध्यक्ष जी 65 परसेंट लोग। अगर नगर निगम चाहे तो 65 परसेंट लोगों से हाउस टैक्स ले लो तो इनकी जो आर्थिक हालत है वो भी सुधर सकती है। उसी तरह से अध्यक्ष जी, बिल्डिंग डिपार्टमेंट एक सिर्फ उगाही का केन्द्र बनाया हुआ है इन्होंने इसके अलावा और कोई काम नहीं कर रहे हैं जिस तरह से इनका काम करने का तरीका हो रहा है हमारे 200 करोड़ रूपये मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि 200 करोड जो एमएलए हैड है उसका पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो रहा है, आज छह महीने हो गए हैं हमारा बजट दिए हुए अध्यक्ष जी, एक भी काम एमसीडी नहीं कर रही है। मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूँ कि एक ऐसी डायरेक्शन खास तौर से यहाँ पर यूडी मिनिस्टर साहब बैठे हैं, वो समीक्षा करे कि एमसीडी कर क्या रही है। अगर वो इस तरह के कार्यकलापों में, जो उसकी जरूरी चीजें होनी चाहिए, उस पर काम नहीं कर

रहीं है तो कुछ ऐसी चीज़ें भी हैं, जिसकी सीबीआई इंक्वायरी करवाने की जरूरत है। मैं मंत्री जी आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि बहुत सारे ऐसे काम हो रहे हैं एमसीडी में जिनकी सीबीआई इंक्वायरी करने की जरूरत है। अगर आप करेंगे तो अपने आप में एमसीडी में जो हो रहा है, उससे दिल्ली की जनता अपने आपको ठगी हुई महसूस करेगी कि जिन लोगों को इन्होंने बैठाया था, हमने बैठाया था उनकी वजह से दिल्ली में क्या हो रहा है। बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने समय दिया।

अध्यक्ष महोदय : श्री दयानंद चंदीला जी।

श्री दयानंद चंदीला ए. - आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीया मुख्यमंत्री जी और दिल्ली सरकार के हरी विकास मंत्री जी का ध्यान अपने विधान सभा क्षेत्र में राजौरी गार्डन में बड़ै पैमाने पर हो रहे अवैध निर्माण की ओर दिलाना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, वार्ड नंबर 105, 106, 107 और 108 में अगर कोई व्यक्ति रिपेयर करे और पुलिस व कारपोरेान को पैसा ना दे तो उसके खिलाफ कार्रवाई कर दी जाती है, लेकिन 4-4, 5-5 मंजिल के मकान बगैर किसी नक्शे के और गलत तरीके से बनाए जाते हैं तो कोई कार्रवाई नहीं की जाती। अध्यक्ष महोदय, अभी 15 दिन पहले मैं स्वयं एक गली से जा रहा था मैंने देखा कि एक मकान की दो मंजिल डेढ़ फीट मकान से बाहर की ओर आ रही हैं। मैंने खुद कारपोरेान के लोगों को बुलाया और वहाँ स्थानीय लोगों के सहयोग से लोहे के गार्डर वगैरहा लगाकर उस सड़क को बंद करवाया और उन तीन मंजिलों को तुड़वाया। इस सम्बन्ध में किसी अखबार में कोई किसी भी तरह का कोई विवरण कारपोरेान ने उसका नहीं आने दिया। क्योंकि उसमें 4 लाख रूपये की लेन-देन दिल्ली नगर निगम और स्थानीय पुलिस विभाग द्वारा किया गया। मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि ऐसे अवैध निर्माण के ऊपर रोक लगाई जाए, आपने मुझे समय दिया इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं, धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदय : चौ. मतीन अहमद साहब।

चौ. मतीन अहमद : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी का ध्यान शिक्षा निदेशालय में प्रयोगशाला सहायक के भारी संख्या में रिक्त पड़े पदों की ओर दिलाना चाहता हूं। इन प्रयोगशाला सहायकों की भर्ती दिल्ली सरकार में कार्यरत चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नोति के आधार पर की जाती है। ये चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी कई वर्षों तक अपने कार्यकाल में इसी आधार पर कर्मठता के साथ अपनी नौकरी करते रहते हैं, एक दिन उन्हें भी प्रयोगशाला सहायक बनने का अवसर जरूर मिलेगा। पिछले काफी समय से शिक्षा निदेशालय में प्रयोगशाला सहायक के रिक्त पड़े पदों में इन कर्मचारियों की पदोन्नति समय पर न होने के कारण इनमें घोर निराशा घर करती जा रही है। अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से जानकारी चाहता हूं कि जब कभी भी प्रयोगशाला सहायक के पद पर इन कर्मचारियों की पदोन्नति की जाती तब यदि 500 पद रिक्त हैं तो उन पर सिर्फ 100 या 150 कर्मचारियों को ही पदोन्नति दी जाती है। क्या यह संभव नहीं है कि प्रयोगशाला सहायक के जितने पद रिक्त हैं उन सभी पदों को एक साथ पदोन्नति कर भर दिया जाये। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि शिक्षा निदेशालय द्वारा इन रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरवाने का कष्ट करें जिससे इन कर्मचारियों को समय पर उनका हक मिल सके और इनमें हो रही निराशा को दूर किया जा सके, आपने बोलने का समय दिया, धन्यवाद।

शिक्षा मंत्री : अध्यक्ष जी, यदि आपकी अनुमति हो तो, जो विषय श्री मतीन अहमद जी ने उठाया है उसके बारे में मैं बततना चाहूंगी कि अब पदोन्नति के बाद स्थिति यह है कि 493 जो पर रिक्त थे उनमें से 415 पदों पर पदोन्नति के बाद नियुक्तियां कर दी गई हैं जो बाकी रिक्त स्थान हैं उनको भी जल्द ही भर दिया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय : चौ. सुरेन्द्र कुमार।

चौ. सुरेन्द्र कुमार : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन व मुख्यमंत्री का ध्यान अपने विधान सभा क्षेत्र में पानी की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। पानी के कारण मेरे विधान सभा क्षेत्र में त्राहि त्राहि मची है। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि अम्बेडकर विहार, टूंडा नगर, जगदम्बा कालोनी व जौहरीपुर में करीब दो साल से पानी नहीं आ रहा है जबकि वे लोग पानी का बिल भी देते हैं। मेरे विधान सभा क्षेत्र के लिए ब्रजपुरी रोड़ से जो कि मेरे क्षेत्र में ही पड़ती है, एक पाइप लाइन उपरोक्त कालोनियों के लिए डाली जाए ताकि इन कालोनियों में रहने वाले लोगों की पानी मिल सकें। मैं आपके संज्ञान मे लाना चाहता हूं कि मुस्तफाबाद में पहले ही दो पाइप लाइन डली हुई हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो पाइप लाइन डाली जा रही है वह मेरी विधान सभा के लिए डाली जाये क्योंकि जो पुरानी लाइन है उसमें से मेरी विधान सभा क्षेत्र की कालोनियों को केवल तीन टी जाती हैं जब कि उसमें से 16 टी मुस्तफाबाद क्षेत्र को मिलती हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि ब्रजपुरी रोड पर जो पाइप लाइन डाली जाती है तो मेरे विधान सभा क्षेत्र की कालोनियों में पानी पहुंच सकता है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि अपने अधिकारियों को आदेा करें कि यह पाइप लाइन गोकुलपुरी विधान सभा क्षेत्र के नाम से डाली जाए तथा इसी क्षेत्र के अधिकारी द्वारा डाली जाये ताकि पानी की समस्या से लोगों को राहत मिल सके तथा वे भी गंगाजल पी सकें। जो पाइप लाइन गोकुलपुरी नाले डाली गई है उसमें भी कम से कम 4 घण्टे पानी देने की कपा करें ताकि पानी कालोनियों की आखिरी छोर तक पहुंच सके। इन कालोनियों में भी 4-4 दिन से पानी नहीं आ रहा है तथा कम प्रेार, खराब जेनरेटर, बिजली नहीं है, आदि का बहाना बनाकर टाल दिया है। जो पानी जगदम्बा कालोनी के लिए आता है वह सोनिया विहार प्लांट से आता है जो कि वहां से करीब 4 किलोमीटर दूर पड़ता है। अध्यक्ष जी, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मेरे क्षेत्र की पानी की समस्या

का समाधान मुख्यमंत्री जी से कहकर करवाएं, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदय : श्री वीर सिंह धिंगान।

श्री वीर सिंह धिंगान : आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान यमुनापार के सबसे बड़े जीटीबी अस्पताल की ओर दिलाना चाहता हूं। जीटीबी अस्पताल में रोज 5-6 हजार मरीजों की ओपीडी होती है और लगभग 14-15 सौ लोग इस अस्पताल में नियमित रूप से भर्ती रहते हैं। अध्यक्ष जी, मरीजों की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इस अस्पताल की आईसीयू में मरीजों के लिए केवल 6 वेंटीलेटर हैं, जो कि बहुत कम हैं। कई बार हमारे पास जो लोग आते हैं हम उनकी सिफारिश करते हैं मंत्री जी से भी कहते हैं, अस्पताल के एमएस से और डाक्टर्स से कहते हैं वे अपनी व्यवस्था बताते हैं कहते हैं कि यहां जगह नहीं है हम कहां भर्ती करें। मैंने देखा है इस अस्पताल के डाक्टर्स, आईसीयू के लिए पैंट को रिकमेंड कर देते हैं, किन्तु आईसीयू में बैड खाली नहीं होने के फलस्वरूप मरीज तो तड़पते ही हैं साथ-साथ उनके तीमारदार व परिवार के लोग भी बेहद दुखी एवं तनाव में रहते हैं। कई बार तो वेंटीलेटर्स की भारी कमी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार ने सभी क्षेत्रों में बेहद तरक्की की है। परन्तु जीटीबी अस्पताल में वेंटीलेटर न होने से जब मरीजों की जान चली जाती है तो हमारी तरक्की पर सवाल उठते हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वहां आईसीयू की क्षमता बढ़ाई जाए और वहां कम से कम 25 वेंटीलेटर होने चाहिए ताकि वहां के मरीजों की ठीक से देखरेख हो सके और उन मरीजों की जान बच सके। मैं मंत्री जी से चाहूंगा कि वे इस पर कुछ कहें और जीटीबी अस्पताल में इनकी संख्या बढ़ाएं, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए आपका धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदय : मंत्री जी, जवाब देंगे।

स्वास्थ्य मंत्री : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो बात कही है वह बिल्कुल सही है कि जीटीबी अस्पताल पर बहुत ज्यादा प्रेार है। वैसे भी हमारे जितने अस्पताल जो कि बड़े अस्पताल हैं हम उनमें हिदायत दे रहे हैं कि आईसीयू बैड बढ़ाए जाएं और उसके साथ-साथ वेंटीलेटर भी बढ़ाए जाएं। हमारा यह पूरा प्रयास होगा कि महीने दो महीने में हम इस काम को पूरा करें।

अध्यक्ष महोदय : श्री अरविन्दर सिंह जी।

श्री अरविन्दर सिंह : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी द्वारा अनौथराइज कालोनियां पास करने के लिए देवली विधान सभा क्षेत्र की ओर से बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं। मेरे क्षेत्र में दो ही मेजर समस्याएं है एक तो अनौथराइज कालोनी वाली मुझे पूरा यकीन है कि बहुत जल्द हमारी सारी अनौथराइज कालोनियां पास हो जाएंगी। दूसरी पानी की समस्या है। इसमें विधान सभाओं में इक्वल डिस्ट्रीब्यून हो जाता है जैसे मेरे यहां देवली में आबादी ज्यादा है।

साथ में जो अम्बेडकर नगर की कांस्टिटयूएन्सी है, वहाँ दिन में दो बार आता है, मुझे दो दिन में एक बार मिलता है। अगर इसमें माननीय मुख्यमंत्री जी अपनी तरफ से कोई आवासन दें कि डिस्ट्रीब्यून ऑफ वॉटर मेजर समस्या है हमारे क्षेत्र में, अगर उसका कुछ हो सके तो। अध्यक्ष महोदय, आपने बोलने का समय दिया, धन्यवाद।

नियम - 107 के अन्तर्गत प्रस्ताव

अध्यक्ष महोदय : अब श्री मुको ार्मा जी अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

श्री मुकेश शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूँ कि प्रस्तावित दिल्ली पुलिस विधयक, सर इसमें थोड़ा मिसप्रिन्ट हो गया है, कि प्रस्तावित दिल्ली पुलिस विधेयक, 2012 को दिल्ली विधान सभा को विवास में लिये बिना

जल्दबाजी में पारित न किया जाये और ये सदन भारत सरकार से सिफारि भी करता है कि इस विधेयक को दिल्ली विधान सभा में विस्तत चर्चा के लिए भेजा जाये और सदन के सुझावों को विधेयक के प्रस्तावित प्रावधानों में जनहित में ाामिल किया जाये। अध्यक्ष महोदय, यह मेरा नियम-107 में प्रस्ताव है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूॅ कि पिछले 19 वर्षों में निजी सदस्यों के संकल्प के दिन यह पहला मौका है जब आपने एक अति गंभीर और एक ऐसे विषय पर प्रस्ताव लाने की अनुमति दी है, जो विषय न केवल दिल्ली के भविष्य से जुड़ा हुआ है, जो विषय न केवल दिल्ली की कानून व्यवस्था और दिल्ली की सरकार के अधिकारों से जुड़ा हुआ है, बल्कि वह विषय दिल्ली की आने वाली जनरेान और दिल्ली का भावी स्वरूप क्या होगा और उस वक्त जब दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की बात समय समय पर उठती रही है और पूर्ण राज्य का दर्जा यदि और राज्यों की तरह न दिए जाने की बात केन्द्र सरकार मानती है, तो उसका कारण सिर्फ एक होता है कि दिल्ली में अगर और राज्यों की तरह बिहार, उत्तर प्रदेा की तरह दिल्ली की सरकार को अधिकार दे दिये गये तो दिल्ली में चूंकि भारत के प्रधानमंत्री हैं, दिल्ली में भारत की देा के तमाम मंत्रिमण्डल के सदस्य हैं, दिल्ली में महामहिम भारत के राष्ट्रपति रहते हैं, उपराष्ट्रपति रहते हैं, दिल्ली में संसद है। ये औचित्य देकर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जाता कि कल कोई चीफ मिनिस्टर या कोई दिल्ली की चुनी हुई सरकार पूरे सिस्टम को, डेमोक्रेटिक सेट-अप को पैरलाइज न कर दे।

अध्यक्ष महोदय, ये विषय जिस पर प्रस्तावित बिल 2012 दिल्ली पुलिस का आया है, यह अचानक नहीं आया है। अध्यक्ष महोदय, 5 मार्च 2010 को भी दिल्ली पुलिस ने कोाि की और एक दिल्ली पुलिस अमेन्डिड बिल लाया गया और अध्यक्ष महोदय, जो दिल्ली पुलिस 1978 के पुलिस बिल में चल रही है, 1978 में जब ये पुलिस बिल बनाया गया, उस वक्त बहुत जल्दबाजी में बिल बनाया गया। इसमें बहुत सी खामियां थी

और खामियां होने के साथ साथ 1978 के पुलिस बिल में यदि सबसे बड़ी कोई खामी थी, और वह खामी इतनी बड़ी खामी है कि जो न्याय के सिद्धान्त के खिलाफ है। नेचुरल जस्टिस के खिलाफ है। अध्यक्ष महोदय, दुनिया के किसी लोकतंत्र में ये संभव नहीं है कि जो पुलिस वाला अपराधी को पकड़ेगा, वही उसकी जमानत देगा। जो ऑफीसर होगा, वही उसे गिरफ्तार करेगा, और उसी को उसका 15 दिन जेल भेजने का अधिकार भी होगा, मुख्यमंत्री जी और यदि वह चाहे तो उसी को उसको दो घण्टे में रिलीज करने का अधिकार भी होगा। ऐसा बेतुका नियम कहीं हिन्दुस्तान में ही नहीं, दुनिया में नहीं है। अण्डर सैक्शन 107,151 जिसके अंतर्गत पुलिस जिसको चाहे जब चाहे उठाकर बंद कर देती है और 1978 का जो दिल्ली पुलिस एक्ट है, उस एक्ट के तहत स्पेाल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की पॉवर दिल्ली पुलिस के एसीपी को दे दी गयी। हमारे अधिकारों का अतिक्रमण कर दिया गया। अध्यक्ष महोदय, धारा-107,151 में प्रावधान है कि किसी भी रीफ आदमी को उठाकर बंद कर दिया जाये, 15 दिन तक उसकी जमानत लेनी या नहीं लेनी ये अधिकार केवल एसीपी को है। उस पर अदालत भी इन्टरवीन नहीं कर सकती। अध्यक्ष महोदय, 1978 में एक्ट पास हो गया क्योंकि दिल्ली में कोई चुनी हुई सरकार नहीं थी। 107/150 में कलन्दरे काट दिए जाते हैं। ऐसे और कई सैक्शन हैं जिसमें पुलिस ने 1978 में अधिकार ले लिया। अध्यक्ष महोदय, 1991 में स्व. राजीव गांधी जी ने दिल्ली को एक चुनी हुई सरकार देने का विधेयक संसद में पारित किया जीएनसीटी एक्ट बना और संविधान के आर्टिकल 259 एए के अंदर हमें अधिकार दिए गए और सिर्फ हमारे से दो रिजर्व सब्जेक्ट रखे गये लैण्ड और लॉ एण्ड ऑर्डर। लॉ एण्ड ऑर्डर की हिंदी अगर मैं ठीक समझ रहा हूँ तो कानून व्यवस्था। कानून व्यवस्था का मतलब, जो डेफिनेान कानून व्यवस्था की है। कानून व्यवस्था की डेफिनेान ये नहीं है कि मैं मकान की मरम्मत कर रहा हूँ तो पुलिस आयेगी और मेरे मकान की मरम्मत रूकवा देगी। कानून व्यवस्था की डेफिनेान ये नहीं है कि कोई गरीब आदमी अपने मकान में पानी का हैण्डपंप लगाायेगा तो उससे रिवत ली जायेगी। कानून व्यवस्था की डेफिनेान ये कहीं

किसी किताब में नहीं लिखी कांस्टिटयून में कि यदि कोई आदमी अपने मकान में लैण्टर डालेगा तो उसको एक लाख रूपये देने पड़ेंगे। लॉ एण्ड ऑर्डर की डेफिनेान सीधी सीधी है आप आंतकवाद को रोकिए, आप दिल्ली में यदि कोई मर्डर होता है, उसको रोकिए, आप चैन स्नैचिंग को रोकिए। आप रेप यदि कोई कर रहा है, उसको रोकिए। आप कानून व्यवस्था को संभालिये। लेकिन आज अध्यक्ष महोदय, माफ करना लॉ एण्ड ऑर्डर की डेफिनेान यदि कोई बन गयी है तो पहली डेफिनेान दिल्ली में यह है कि यदि कोई गरीब आदमी अगर मकान की मरम्मत कर रहा है तो उस पर डण्डा कैसे चले? यह लॉ एण्ड आर्डर की डेफिनेान नं. वन। दूसरी डेफिनेान लॉ एण्ड ऑर्डर है कि यदि कोई हैण्डपंप लगा रहा है उसको रोक दो डेफिनेान न. 2 कोई गरीब आदमी एमसीडीका लाइसेंस लेकर अपनी दुकान चला रहा है, तो उसकी दुकान कितने बजे खुलेगी ये लॉ एण्ड आर्डर आज कल है। अब ये लॉ एण्ड आर्डर नहीं है कि कहां पर टैररिस्ट हैं, कहां पर गुण्डे हैं, कहां पर बदमाा हैं, कहां पर हिस्ट्री ाीटर हैं। वो सब ला एण्ड ऑर्डर से चीजें निकल चुकी हैं। अध्यक्ष महोदय, 1978 के उस एक्ट को हम आज तक झेल रहे हैं। बड़ी मुकिल से 2010 मार्च में दिल्ली पुलिस को समझ में आया कि एक अमेन्डिड बिल लाना चाहिए। लेकिन अध्यक्ष महोदय, वह अमेन्डिड बिल जब आया तो यह उससे भी खतरनाक बिल आया। 3/4 सैक्शन्स की उसमें इन्होंने काट-छांट की। मुख्यमंत्री का मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूॅ। मई महीने में दिल्ली सचिवालय में एक कन्वेनन बुलाई गयी। उस कन्वेनन में एक्सपर्ट बुलाये गये। उसक साथ साथ जो दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड डीजीपी थे, उनको बुलाया गया। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ साथ जो हमारे एक्स कैबिनेट सैक्रेटरी, भारत सरकार के हैं, उनको बुलाया गया। अध्यक्ष महोदय, मैं उसमें 4 लाइन श्री आर.के. ओझा जी की, आहूजा जी जो रिटायर्ड हमारे कैबिनेट सैक्रेटरी (कोऑर्डिनेान) थे भारत सरकार के उन्होंने उस कन्वेनन के बारे में क्या कहा था, यह मैं पढ़ कर सुना रहा हूॅ। "It was stated that Delhi Police Act, 1978 was sent in a great hurry and that time, he was Deputy Commissioner and Dis-

trict Magistrate in Delhi. There was an exception that in three to four year, amendment would be carried out depending on the situation and experience.

